प्रेस नोट - थाना सदर बाजार

जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक – 16.11.2026

थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वाँछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब/शस्त्र विक्रय तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के कुशल नेतृत्व में थाना सदर बाजार पुलिस टीम को मिली बडी कामयाबी।

संक्षिप्त विवरण

दिनांक 09.10.26 को वादिनी द्वारा थाना सदर बाजार पर दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 558/26 धारा 69/115(2)/110/352/351(2) बीएनएस बाबत अभियुक्त द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाना तथा विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से सिर पर शीशा मारना, मारपीट, गाली-गलौज करना व अश्लील वीडियों वायरल करने की धमकी देने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया। था।

दिनांक 15.11.26 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त समीर उर्फ समीर आनन्द पुत्र मुकेश, उम्र 21 वर्ष, नि0 बाईबाग हरिजन कॉलोनी (मो0 खड्डन निकट मच्छी बाजार), थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर को उसके मसकन के सामने से समय 18.30 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

समीर उर्फ समीर आनन्द पुत्र मुकेश, उम्र 21 वर्ष, नि0 बाईबाग हरिजन कॉलोनी (मो0 खड्डन निकट मच्छी बाजार), थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर ।

पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 558/26 धारा 69/115(2)/110/352/351(2) बीएनएस, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर ।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान

दिनांक 15.11.26 को समय 18.30 बजे, अभियुक्त के मसकन के सामने से।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण

निरीक्षक अपराध श्री अमरपाल सिंह

का0 भूपेन्द्र कुमार

का0 अरूण कुमार